आईआईएम के टीचरों ने मेडिकल कॉलेजों के डीन व अधीक्षकों को सिखाया कैसे करें बेहतर मैनेजमेंट

रायपुर | इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) के टीचरों मे प्रदेश के 10 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के डीन और अधीक्षकों को बताया कि वे कॉलेजों और अस्पतालों में बेहतर मैनेजमेंट के साथ कैसे काम कर सकते हैं। नवा रायपुर में सोमवार को तनाव घटाने पर आयोजित सेमिनार में टीचरों ने कई नई ज्ञानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि अस्पताल व कॉलेज का मैनेजमेंट बेहतर कैसे किया जाए जिससे इलाज के साथ ही मेडिकल छात्रों की पढ़ाई भी बेहतर तरीके से हो।

आईआईएम में दो घंटे से ज्यादा समय तक रायपुर के अलावा बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, महासमुंद, राजनांदगांव, कांकेर, दुर्ग व जगदलपुर मेडिकल कॉलेजों के डीन तथा अधीक्षकों को ट्रेनिंग दी गई। एक्सपर्ट ने उन्हें बताया कि दुनिया में कोई सबसे ज्यादा तनावग्रस्त रहता है, तो वे डॉक्टर होते हैं। मरीजों का इलाज करने के साथ ही उन्हें छात्रों को पढ़ाना भी होता है। ऐसे में बेहतर मैनेजमेंट से किसी भी तरह तनाव को दूर किया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि इमरजेंसी में कोई मरीज आता है। उसे हार्ट अटैक हुआ है। तत्काल इको, एंजियोग्राफी व एंजियोप्लास्टी करनी है तो डॉक्टर समेत नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ तनाव में आ जाता है। इसी तरह किसी गंभीर सड़क दुर्घटना में हेड इंजरी वाले केस आते हैं। मरीज के सिर से लगातार खून बह रहा है।

Dainik Bhaskar, 11th April, 2023, P.04